# सिंधिया का जन्मदिन बाड़े पर धूमधाम से मना

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जनवरी.** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन महाराज बाड़ा पर पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, जय प्रकाश राजोरिया, विवेक शेजवलकर, वीरेन्द्र गंगवाल, मनोज तोमर ने केक काट कर मनाया। जन्म दिवस के अवसर पर 201 किलो लड्डू महाराज बाड़े पर वितरण किये गए। पुलिस बैंड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। आतिशबाजी की गई । इसके पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर कुटे व साथियों ने शीतला माता मंदिर तक पैदल यात्रा कर सिंधिया के दीर्घायु व स्वास्थ्य की कामना की। नितिन शिवहरे ने मरीजों को भोजन वितरण किया।



इस अवसर पर रामवरण सिंह गुर्जर, विजय गर्ग, केशव पांडे, गुड्डू वारसी, कमल माखीजानी, बाल खांडे, अशोक शर्मा, किशन मुदगल, हरिशंकर पचौरी, रामनारायण मिश्रा, दीपक शर्मा, सुरेंद्र शर्मा सरपंच, सुधीर गुप्ता, संजय शांडिल्य, राजू पलैया, जयंत जपे, सुमन शर्मा, नीलिमा शिंदे, सुरेन्द्र परमार चच्चू, प्रशांत गंगवाल आनंद सावंत, उमाशंकर सोनी, पुरूषोत्तम भार्गव, श्यामसिंह चौहान, प्रियंका गर्ग, उषा चौहान, वंदना भूपेंद्र प्रेमी, सरोज मिश्रा, संजीव अग्रवाल कुक्कू, प्रमोद पांडे उपस्थित रहे।



### तानसेन रोड पर अशोक शर्मा ने भी रखा कार्यक्रम

ग्वालियर। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशोक शर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के जन्मदिन के अवसर पर आज गुरुवार, पहली जनवरी को दोपहर में उपनगर ग्वालियर में तानसेन रोड स्थित श्री अमृतेश्वर महादेव मंदिर पर शिव अभिषेक पूजा अर्चना, भजन एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। सुबह से ही यहां धार्मिक कार्यक्रम आरंभ हो गए थे। जलाभिषेक अशोक शर्मा ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह की दीर्घायु एवं यशवर्धन के लिए कामना की गई। अशोक शर्मा ने सिंधिया एवं प्रद्युम्न सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि नववर्ष में सिंधिया के मार्गदर्शन में ग्वालियर विकास के नक्शे पर उपलब्धियों की नई इबारत लिखेगा।

# सिंधिया के जन्म दिवस पर सत्येन्द्र ने किया फल वितरण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जनवरी.** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्म दिवस पर कुष्ठ आश्रम में भाजपा के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने फल वितरण, गौशाला में संत ऋषभ देव आनंद महाराज का सम्मान कर एवं गौमाता का पूजन गौभोग एवं हरा चारा खिलाकर सेवा पर्व मनाया।

सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया विकास के मसीहा थे उन्होंने ग्वालियर चंबल संभाग सहित मध्य प्रदेश में विकास की धारा प्रवाहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया आज उनके पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया माधव महाराज के अधूरे सपने को पूरा करते हुए ग्वालियर चंबल संभाग के साथ-साथ संपूर्ण मध्य प्रदेश में विकास कार्य को करने में लगे हुए हैं और जल्दी ग्वालियर अंचल विकासशील शहरों में शामिल होकर देश के प्रमुख शहरों में ग्वालियर का नाम रोशन होगा आज ग्वालियर में बड़ी-बड़ी सौगातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री मोहन यादव के सहयोग से श्री सिंधिया के अथक प्रयासों से प्राप्त हो रही है एलिवेटेड रोड रेलवे स्टेशन नया बस अड्डा चंबल से पानी ग्वालियर आ रहा है एयरपोर्ट, आगरा ग्वालियर ग्रीन कॉरिडोर सिक्स लेन हाइवे सहित अनेकों विकास कार्य ग्वालियर को मिल रहे हैं .



सेवा पर्व मनाने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा के साथ माधव पचौरी जोगेंद्र गुर्जर गोपाल पचौरी ओम पाठक देव राजपूत विनय शर्मा अभय प्रताप गुर्जर अर्जुन गुर्जर उदल गुर्जर अरविंद गुर्जर राघवेंद्र यादव दीपक शर्मा फूल सिंह आर्य गब्बर सिंह गुर्जर वकील सिंह हरिओम शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# एमआईटीएस में सायबर सुरक्षा पर एफडीएफ का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जनवरी.** एम आई टी एस डीम्ड यूनिवर्सिटी में वन वीक का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, द्वारा किया गया। संस्थान के जनसम्पर्क

**विशेषज्ञों ने दिए उन्नत तकनीकों पर मार्गदर्शन**

अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस में संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने क्लाउड एवं मोबाइल कंप्यूटिंग,स्वचालित वाहनों के साथ जनरेटिव एआई,तथा पाइथन प्रोग्रामिंग और काली लिनक्स सेटअप

पर विस्तृत तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ. दीपक देवांगन ने ट्रांसफॉर्मर आर्किटेक्चर और अटेंशन मैकेनिज़्म के आधार पर एआई-संचालित सुरक्षित और बुद्धिमान निर्णय-प्रणालियों का



प्रस्तुतीकरण किया।

वहीं, एम आई टी एस के प्रो. राहुल दुबे ने पाइथन तथा प्रमुख लाइब्रेरियों नम पाई और पांडाज़ पर व्यवहारिक (हैंड्स-ऑन) अभ्यास कराया।

अगले सत्र में आई आई टी दिल्ली, आई आई टी कानपुर, ऐन एफ एस यू भोपाल, एन एल यू भोपाल ,ऐन आई टी रायपुर से एक्सपर्ट विषय पर एक्सपर्ट सेशन लेंगे.कार्यक्रम के संयोजक एम आई टी एस के डा मनीष दीक्षित, डा कीर्ति राज एवं ट्रिपल आई टी डी एम जबलपुर की डा नीलम दलाल हैं. एम आई टी एस डीम्ड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डा आर के पंडित ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए साइबर सिक्योरिटी को आज के समय की आवश्यकता बताया।

# चाकू की नोंक पर युवक को बंधक बनाकर मारपीट

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जनवरी.** पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई किए जाने के बावजूद डबरा इलाके में गुंडागर्दी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसी क्रम में सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ बदमाशों द्वारा चाकू की नोक पर एक युवक को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की जा रही है। घटना पिछोर इलाके की बताई गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ बदमाश किस्म के युवकों ने चाकू की नोंक पर एक युवक को बंधक बना रखा है। रेड शर्ट पहने उक्त युवक को बदमाशों ने जमीन पर बैठा रखा है, जबकि चाकू पकड़ा बदमाश व उसके साथी खड़े हुए हैं। नीचे बैठा युवक खड़ा होता है, तो चाकूधारी युवक लात मारकर उसे वापस बैठा देता है। दोनों पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर सोशल मीडिया पर घटना के वायरल वीडियो में बातचीत हो रही है। जिसमें लहजा पंजाबी लग रहा है। उक्त घटना पिछोर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। वायरल हो रहा वीडियो पुलिस अफसरों के संज्ञान में भी आ गया है, जिससे वह पूरे मामले की जांच एवं आरोपियों की तस्दीक करवा रहे हैं।

# कुष्ठ आश्रम में किए फल वितरित



**ग्वालियर 1 जनवरी.** संत रविदास मंडल ने गुरुवार को कुष्ठ आश्रम बहोड़ापुर पर फल वितरण कर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं ऊर्जा मंत्री प्रदुमन तोमर का जन्मदिन सेवाभाव के रूप में मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल के अध्यक्ष लवी प्रकाश खंडेलवाल, मंडल उपाध्यक्ष राजू यादव, मंडल महामंत्री सुनील शर्मा, मंडल मंत्री मनोज शुक्ला, वरिष्ठ नेता राजू भगेल, सुल्तान किरार, धर्मदास एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(10-02-26): **बालाघाट** - BGL; PLB3GOL14947444. **बेतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PEJ4GOL14973356, 14970359, 14972504, 14972407. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PEF9GOL15001817. **भोपाल - करोद**; P09VGOL15002890. **भोपाल - मध्यप्रदेश नगर**; PGM8SGL14993039, 14998732, 14995717. (11-02-26) **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PEL7GOL15018845, 15050259. **छिंदवाड़ा — परासिया रोड**; PCV3SGL15072979, 15067692, 15072221. **डाबरा - मेन रोड**; PX91GOL15062270, 15061996, 15065198. **दतिया -सीता सागर**; P86HSGL15088278, 15095129. (12-02-26): **देवास - एबी रोड**; PCR3SGL15084059. **गादरवाड़ा - इंद्रा वार्ड**; P87QSGL15134483. **गंज बसोदा - मेन रोड**; PAE6PFI15120505. **गुना - ए बी रोड**; PER5SGL15144166, 15151026, 15144794, 15146281. (13-02-26) **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PGC5SGL15153864, 15146406, 15151772, 15147780, 15157718. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; P86QSGL15146923, 15151667, 15146421. **ग्वालियर - मोरार**; PEN7GOL15151369, 15156459, 15150254. **ग्वालियर - नया बाज़ार**; P93ASGL15155226, 15154974, 15141961. **ग्वालियर -विनय नगर**; PKA3GOL15150733, 15148479, 15152782, 15148903, 15143294, 15153136, 15145057, 15153345, 15141844, 15143392, 15156174. (16-02-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; P4W1GOL15167718, 15179916, 15182452, 15178398, 15171499. **इंदौर - अन्नपूर्णा रोड**; PGH5SGL15166624. **इंदौर - विजय नगर**; PSB5GOL15177230, 15171687. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; PB92GOL15177470, 15181346, 15172055, 15179752, 15183998, 15172607. (17-02 26): **जबलपुर - राइट टाउन**; PJ16GOL15182204. **खरगोन - जवाहर मार्ग**; PEH8GOL15293429, 15291344, 15297761. **मंदसौर - नयापुरा रोड**; PGF2GOL15345817. **मुरैना - शिवनगर**; PGH2SGL15353949, 15350039, 15350853, 15346300, 15345858, 15349516, 15354809, 15350673, 15359269, 15354801, 15358609, 15354303, 15357375, 15346608. (18-02-26) **पोरसा** - BGL; PGH2SGL15435565, 15428766, 15437224. **रीवा** - BGL; PB38GOL15464178, 15453095, 15460398, 15454391, 15450796, 15462354, 15463553, 15467126, 15460606. **सबलगढ़**; PLY1GOL15453905, 15461988. **सागर - परकोटा**; PBW9SGL15450850. (19-02-26): **सतना - रीवा रोड**; PJV5SGL15474988. **शहडोल** - BGL; PEH7GOL15488558, 15474263, 15490101, 15477078, 15479869, 15479282, 15475241, 15480244. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PJC9GOL15482473, 15478377, 15487618, 15480580, 15482290. **शिवपुरी - एबी रोड**; PGE3SGL15489508, 15479844, 15482419, 15484546, 15475505, 15485772. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCY1GOL15523255, 15523110, 15523276.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**



भारत सरकार
GOVERNMENT OF BHARAT
सत्यमेव जयते

**पान मसाला के निर्माता ध्यान दें !**

**स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025**
**1 फरवरी, 2026 से लागू होगा**

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाला निर्माण में प्रयुक्त मशीनों/प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। प्रत्येक कर योग्य व्यक्ति को पंजीकरण कराना और उपकर का भुगतान करना अनिवार्य है।

**अनिवार्य पंजीकरण**
**(फार्म HSNS REG - 01)**

- आप पर जाकर 'HSNS CESS' टैब के अंतर्गत 'New User' पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- नाम, पैन, ईमेल, मोबाइल नंबर दर्ज कर पंजीकरण करें, एनरोलमेंट रेफरेंस नंबर (इआरएन) प्राप्त करें
- प्राप्त इआरएन का उपयोग करके फॉर्म HSNS REG-01 में आवेदन करें।
- प्रारंभिक भुगतान के लिए अस्थायी पंजीकरण संख्या (टीआरएन) प्राप्त करें

**मासिक उपकर भुगतान**
**(फार्म HSNS PMT - 01)**

- हर महीने की 7 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करना अनिवार्य है
- (जैसे : फरवरी 2026 माह की देनदारी 7 फरवरी 2026 तक देनी होगी)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'E-Payment' विकल्प का चयन कर सेस का भुगतान कर सकते हैं।

**उपकर डेक्लेरेशन**
**(फार्म HSNS DEC - 01)**

- पंजीकरण प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर फाइल करना अनिवार्य है
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'Declaration' पर क्लिक कर अपनी डिक्लेरेशन दाखिल कर सकते हैं।

**मासिक उपकर भुगतान**
**(फार्म HSNS RET - 01)**

- अगले महीने की 20 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिटर्न फाइल करें (जैसे : फरवरी 2026 का रिटर्न 20 मार्च 2026 तक फाइल करना होगा)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत श्त्मजनतदश पर क्लिक कर अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

CBC 15502/13/0049/2526

अधिक जानकारी के लिए कृपया राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या
S-O- 6153(E) दिनांक 31-12-2025 तथा 01/2026–HSNS CESS दिनांक 01-01-2026 का संदर्भ लें

किसी सहायता के लिए हेल्पडेस्क पर संपर्क करे : cbicmitra-helpdesk@icegate-gov-in : 1800 425 0232

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95